# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ।

लाजिस्टिक्स इकाई, सिग्नेचर भवन, पंचम तल, टावर–1 गोमतनीनगर विस्तार फेज–2 लखनऊ
(फैक्स नम्बर–0522–2724030)

पत्र संख्याः लाजि0–एम0टी0–21 / 2025 दिनांकः सितम्बर 25, 2025

## आदेश

उत्तर प्रदेश पुलिस मोटर परिवहन शाखा अधीनस्थ अधिकारी सेवा नियमावली–2015 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर पुलिस महानिरीक्षक, स्थापना उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या दस–डीजी–चार–125(14) / 2018 / 355 दिनांक 10–09–2025 के साथ प्राप्त अपर सचिव–प्रोन्नति, उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ के पत्र संख्या पीआरपीबी–चार–12(40) / 2025 दिनांक 01–09–2025 द्वारा निम्नलिखित आरक्षी चालकों को मुख्य आरक्षी चालक के पद पर पदोन्नति हेतु चयन वर्ष–2025 में उपयुक्त पाये जाने के उपरान्त पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 महोदय के अनुमोदनोपरान्त तात्कालिक प्रभाव से उनके वर्तमान नियुक्ति स्थान पर मुख्य आरक्षी चालक के पद पर पदोन्नति प्रदान की जाती हैः–

| सूची कमांक | वरिष्ठता कमांक | पीएनओ सं0 | कार्मिक का नाम | पिता का नाम | नियुक्ति स्थान | चयन वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30 | 960730027 | प्रवीन कुमार | सरमन सिंह | कमिश्नरेट आगरा | 2025 |
| 2 | 31 | 970460125 | प्रवीण कुमार | श्री महेन्द्र सिह | सहारनपुर | 2025 |
| 3 | 32 | 922630037 | मनोज कुमार | राम विलास वर्मा | बरेली | 2025 |
| 4 | 34 | 980751666 | जगजीवन राम | श्री नाथूराम | कमिश्नरेट कानपुरनगर | 2025 |
| 5 | 39 | 980750201 | शिव कुमार यादव | मिलाप सिंह | कमिश्नरेट आगरा | 2025 |
| 6 | 40 | 980740763 | ओम प्रकाश यादव | श्री गुलाब यादव | बलरामपुर | 2025 |
| 7 | 42 | 960720026 | जय प्रकाश राम | श्री लाल चन्द्र प्रसाद | कुशीनगर | 2025 |
| 8 | 45 | 040750314 | प्रभाकर यादव | रामनरेश यादव | कमिश्नरेट लखनऊ | 2025 |
| 9 | 46 | 980760882 | जगतवीर सिंह | श्री शौध्यान सिंह | बदायूँ | 2025 |
| 10 | 48 | 030580190 | निर्भय सिंह | छेदा लाल | झाँसी | 2025 |
| 11 | 49 | 030450211 | सूबेदार यादव | प्रेम सागर यादव | रायबरेली | 2025 |
| 12 | 50 | 050770250 | अजय कुमार | बाबू राम | कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर | 2025 |
| 13 | 51 | 030501368 | संजीव कुमार | रामकेवल यादव | बस्ती | 2025 |
| 14 | 52 | 040540489 | भूपेन्द्र सिंह | सूरजभान सिंह | रामपुर | 2025 |
| 15 | 53 | 960481202 | धनीराम | चेतराम | बरेली | 2025 |
| 16 | 54 | 980541786 | राजेश कुमार | हरिराम | शाहजहाँपुर | 2025 |

| सूची क्रमांक | वरिष्ठता क्रमांक | पीएनओ सं0 | कार्मिक का नाम | पिता का नाम | नियुक्ति स्थान | चयन वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | 57 | 980440634 | नरेन्द्र प्रधान | श्री महाराजा प्रधान | मीरजापुर | 2025 |
| 18 | 58 | 982285150 | लोकेश कुमार | सरनाम सिंह | फिरोजाबाद | 2025 |
| 19 | 59 | 980630945 | दयानिधि अग्निहोत्री | लज्जाराम अग्निहोत्री | फतेहगढ़ | 2025 |
| 20 | 60 | 980560466 | नन्द कुमार राय | श्री कैलाश राय | अम्बेडकरनगर | 2025 |
| 21 | 62 | 040460169 | अनुराग कुमार | वसुपाल सिंह | कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर | 2025 |
| 22 | 63 | 980541425 | विनोद कुमार | बद्री प्रसाद | हमीरपुर | 2025 |
| 23 | 64 | 980690156 | राम विलास यादव | रामकेवल यादव | विधि विज्ञान प्रयोगशाला उ0प्र0 लखनऊ | 2025 |
| 24 | 66 | 980481598 | हरदेव प्रसाद यादव | छबिलाल यादव | फतेहपुर | 2025 |
| 25 | 67 | 030471030 | मनोज कुमार | शिवचरन लाल | रायबरेली | 2025 |
| 26 | 68 | 030501300 | विजय कुमार | श्री छट्ठू लाल राम | कमिश्नरेट वाराणसी | 2025 |
| 27 | 69 | 040440079 | वरूण भानु तिवारी | देवनाथ तिवारी | बाराबंकी | 2025 |
| 28 | 70 | 980670893 | जावेद हाशमी | जाहिद हाशमी | कमिश्नरेट लखनऊ | 2025 |
| 29 | 71 | 980460665 | मुकेश सोलंकी | बनवारी सिंह | अलीगढ़ | 2025 |
| 30 | 72 | 030460182 | सन्तोष कुमार | होरी लाल | अलीगढ़ | 2025 |
| 31 | 73 | 030690022 | रामचन्द्र सिंह | श्री जयनाथ सिंह | मीरजापुर | 2025 |
| 32 | 74 | 030460137 | राहुल सिंह | नैंपाल सिंह | हापुड़ | 2025 |
| 33 | 75 | 030450341 | धीरेन्द्र कुमार यादव | हरिशंकर यादव | रायबरेली | 2025 |
| 34 | 76 | 030550214 | विनीत कुमार राणा | श्री रमेश चन्द | सहारनपुर | 2025 |
| 35 | 77 | 030450497 | अनिल सिंह यादव | लाल चन्द्र यादव | 39वीं पीएसी मीरजापुर | 2025 |
| 36 | 78 | 040460404 | शौकिन्द्र सिह राठी | श्री लक्षमण सिह | सहारनपुर | 2025 |
| 37 | 79 | 040460459 | सरताज अली | मो0 इकबाल | बरेली | 2025 |
| 38 | 80 | 040450302 | अमित कुमार सिंह | ओम प्रकाश सिंह | अयोध्या | 2025 |
| 39 | 81 | 970500249 | अब्दुल खुर्शीद सिद्दीकी | अब्दुल मजीद सिददीकी | उन्नाव | 2025 |
| 40 | 82 | 980590368 | महेश कुमार | हरीशंकर सिंह | मैनपुरी | 2025 |
| 41 | 83 | 960550720 | संजीव कुमार | श्री लालाराम | बदायूँ | 2025 |

| सूची क्रमांक | वरिष्ठता क्रमांक | पीएनओ सं0 | कार्मिक का नाम | पिता का नाम | नियुक्ति स्थान | चयन वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 42 | 84 | 980560088 | राजकुमार प्रजापति | श्याम लाल प्रजापति | सुलतानपुर | 2025 |
| 43 | 85 | 980680357 | मुकेश कुमार | श्री ऊदल सिंह | कमिश्नरेट गाजियाबाद | 2025 |
| 44 | 86 | 960730522 | इरफान अहमद | सरदार अहमद | रामपुर | 2025 |
| 45 | 87 | 980520299 | रन्जीत सिंह | श्री अजब सिंह | बदायूँ | 2025 |

2. पदोन्नति पाये समस्त मुख्य आरक्षी चालक अपने नियुक्ति स्थान जनपद/इकाई/शाखा के मुख्यालय पर कार्यभार ग्रहण करेंगे एवं कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 02 वर्ष की अवधि तक परिवीक्षाधीन रहेगें, जिसे सेवा नियमावली–2015 के प्राविधानों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा आगे बढ़ाया जा सकेगा। सफलतापूर्वक परिवीक्षाकाल पूर्ण करने पर सक्षम स्तर से इस हेतु आदेश निर्गत किये जायेगें। पदोन्नति पाये कर्मी के वर्तमान नियुक्ति का स्थान यदि स्थानान्तरण के कारण परिवर्तित हो गया हो तो ऐसे कर्मी नये नियुक्ति स्थान पर कार्यभार ग्रहण करेगें। पदोन्नति पाये मुख्य आरक्षी चालक की आगामी नियुक्ति/स्थानान्तरण के सम्बन्ध में अलग से निर्णय लिया जायेगा।

3. पदोन्नति पर कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व सम्बन्धित आरक्षी चालक से संलग्न प्रारूप (क) में स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र लेकर यह सुनिश्चित किया जायेगा कि शासनादेश संख्या 13/21/89–का–1–1997 दिनांक 28–05–1997 के खण्ड–2 में दी गयी निम्नलिखित 03 परिस्थितियॉ यथा (क) यदि कार्मिक निलम्बित चल रहा है, (ख) यदि कार्मिक के विरूद्व अनुशासनिक कार्यवाही या प्रशासनाधिकरण की कार्यवाही लम्बित है, जिसके लिए आरोप पत्र जारी किया जा चुका है तथा (ग) यदि आपराधिक आरोप पत्र के आधार पर कार्मिक के विरूद्व अभियोजन की कार्यवाही लम्बित है, अर्थात न्यायालय में अभियोजन हेतु आरोप–पत्र प्रस्तुत किया जा चुका है। आरक्षी चालक के उपरोक्त के विरूद्व विद्यमान नहीं हो।

4. यदि स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र में अथवा अभिलेखों में उर्पयुक्त प्रस्तर–3 में अंकित परिस्थितियॉ विद्यमान नहीं है, तो सम्बन्धित आरक्षी चालक को मुख्य आरक्षी चालक के पद पर कार्यभार ग्रहण कराया जायेगा। यदि स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र अथवा अभिलेखों में प्रस्तर–3 में अंकित परिस्थितियॉ विद्यमान पायी जाती है, तो सम्बन्धित आरक्षी चालक के पदोन्नति आदेश का क्रियान्वयन नही कराया जायेगा, तथा ऐसे सम्पूर्ण तथ्यों सहित आख्या लॉजिस्टिक्स इकाई उ0प्र0 लखनऊ को उपलब्ध कराते हुए दिशा–निर्देश प्राप्त किया जायेगा।

5. यदि सम्बन्धित आरक्षी चालक द्वारा स्वहस्ताक्षरित घोषणा पत्र में अंकित कोई तथ्य असत्य अथवा छिपाया हुआ पाया जाता है, तो उसके विरूद्व अभियोग पंजीकृत कराये जाने की कार्यवाही उस जनपद/इकाई/पीएसी द्वारा की जायेगी, जिस जनपद/इकाई/पीएसी में उसके द्वारा स्वघोषणा पत्र प्रस्तुत किया गया है, साथ ही प्रथम सूचना रिपोर्ट सहित सम्बन्धित कर्मी को पदावनति किये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही हेतु सम्पूर्ण तथ्य/अभिलेख लॉजिस्टिक्स इकाई उ0प्र0 लखनऊ को उपलब्ध कराये जायेगें।

6. आदेश की प्रति एवं घोषणा पत्र की प्रति प्रारूप 'क' उत्तर प्रदेश पुलिस की बेवसाईट up police-police units-Logistics-circular-For latest circular click here-Go to circular archive पर प्रदर्शित है।

**संलग्नकः**
**स्वघोषणा पत्र का प्रारूप–क**

25.9.25

(राजकुमार)
अपर पुलिस महानिदेशक–लाजिस्टिक्स,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

**प्रतिलिपि** निम्नलिखित को कृपया सूचनार्थ एवं इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया अपने जनपद/इकाई/पीएसी वाहिनी में नियुक्त सूची में अंकित आरक्षी चालकों को उपरोक्त निर्देशों के अनुरूप पदोन्नति आदेश निर्गत करने का कष्ट करें :—

1. पुलिस आयुक्त, आगरा/कानपुर नगर/लखनऊ/गौतमबुद्धनगर/वाराणसी/गाजियाबाद।
2. वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर/बरेली/बलरामपुर/कुशीनगर/बदॉयू/झॉसी/रायबरेली/बस्ती/रामपुर/शाहजहॉपुर/मीरजापुर/फिरोजाबाद/फतेहगढ़/अम्बेडकरनगर/हमीरपुर/फतेहपुर/बाराबंकी/अलीगढ़/हापुड़/अयोध्या/उन्नाव/मैनपुरी/सुलतानपुर।
3. सेनानायक, 39वीं वाहिनी पीएसी मीरजापुर।
4. निदेशक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला, लखनऊ।

**संख्या तथा दिनांक वही।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को कृपया सूचनार्थ प्रेषित :—**

1. पुलिस महानिरीक्षक,स्थापना उ0प्र0 लखनऊ को उनके पत्र दिनांक 10—09—2025 के संदर्भ में।
2. अपर सचिव—प्रोन्नति, उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ को उनके पत्र दिनांक 01—09—2025 के संदर्भ में।

## **स्व-घोषणा-पत्र**

मैं--------------------------------------------------------(नाम/पदनाम व पीएनओ) पुत्र--------------------------------निवासी---------------------------------------------- थाना----------------------जनपद-------------------------वर्तमान में (जनपद/इकाई का नाम) ---------------------- नियुक्त हूँ तथा घोषित करता हूँ कि:-

(क) 'मेरे विरुद्ध उ0प्र0अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमावली-1991 के नियम-14(1) के अन्तर्गत कोई विभागीय कार्यवाही लम्बित अथवा प्रचलित नहीं है तथा कोई आपराधिक अभियोग माननीय न्यायालय में विचाराधीन नहीं है और न ही वर्तमान में निलम्बित हूँ।'

2. उपरोक्त घोषणा में यदि मेरे द्वारा कोई तथ्य असत्य अथवा छिपाया पाया जाता है तो मेरी पदोन्नति निरस्त कर मुझे मूल पद पर पदावनत करते हुए मेरे विरूद्ध स्थापित विधि व्यवस्था के अन्तर्गत नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाय, जिस पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी।

3. यह घोषणा-पत्र मेरे द्वारा पूर्ण रूप से होशोहवास में बिना किसी दबाव के दिया जा रहा है, जिसका मेरे द्वारा पूर्ण रूपेण पालन किया जायेगा।

**हस्ताक्षर**
**(नाम/पदनाम/पीएनओ सहित)**
**नियुक्ति स्थान/दिनांक**

यदि सम्बन्धित कर्मी के विरूद्ध उ0प्र0अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमवली-1991के नियम-14(1) के अन्तर्गत कोई विभागीय कार्यवाही लम्बित अथवा प्रचलित है अथवा कोई आपराधिक अभियोग माननीय न्यायालय में विचाराधीन है अथवा निलम्बित है, तो उसका पूर्ण विवरण उनके द्वारा नीचें अंकित किया जायेगा:-

(1) वर्तमान में निलम्बित है तो उसका निलम्बन आदेश/दिनांक तथा कारण-------------------

(2) मेरे विरुद्ध उ0प्र0अधीनस्थ श्रेणी के पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की (दण्ड एवं अपील) नियमावली-1991 के नियम-14(1) के अन्तर्गत जनपद/इकाई ------------------------ में कार्यवाही लंबित है, जिसमें दिनांक--------------------- को आरोप-पत्र दिया गया है।

(3) मेरे विरुद्ध मु0अ0सं0-----------------------धारा----------- थाना--------------- जनपद--------------- में लंबित है, जिसमें दिनांक------------------को स्थानीय पुलिस अथवा जॉच एजेन्सी------------------------------द्वारा आरोप-पत्र मा0 न्यायालय में प्रेषित किया गया है तथा अभियोग---------------------- वर्तमान में ----------- स्तर पर चल रहा है।

**हस्ताक्षर**
**(नाम/पदनाम/पीएनओ सहित)**
**नियुक्ति स्थान/दिनांक**

**प्रमाणित**
जनपद/इकाई के प्रभारी
नाम/पदनाम की मुहर

**नोट:-स्वघोषणा-पत्र में अंकित जो प्रस्तर अथवा उप-प्रस्तर लागू न हो उसे स्पष्ट रूप से काट (X) दिया जाय।**